p>

Title: Regarding the start 'Ram Van Gaman' Express train by special corridor from Chitrakoot via Ayodhya to Pratap garh juunction and prayag to Allahabad junction.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ ।

माननीय प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्य मंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी ने जब से कमान संभाली है, तब से देश की आस्था और विश्वास की केन्द्र बिन्दु मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की नगरी अयोध्या का कायाकल्प हो रहा है ।

उसी परिप्रेक्ष्य में, मैं बताना चाहता हूँ कि मेरा लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ भी भगवान राम की अवध नगरी का अटूट हिस्सा रहा है । लोग भगवान राम के तपोस्थली चित्रकूट जाने के लिए प्रतापगढ़ से ही होकर राम वन गमन मार्ग की परिक्रमा के लिए जाया करते हैं । लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इस कॉरिडोर पर कोई ध्यान नहीं दिया । यदि अयोध्या से प्रतापगढ़, प्रतापगढ़ से प्रयाग होते हुए चित्रकूट जाने के लिए एक नई ट्रेन राम वन गमन एक्सप्रेस के नाम से संचालित कर दी जाए तो वह श्रद्धालुलों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी, क्योंकि हमारी मान्यताओं और परम्पराओं में कहा गया है कि

"चित्रकूट में रमि रहे, रहिमन अवध नरेश,

जा पर विपदा परत है, सो आवत यहि देश ।"

यानी गोस्वामी तुलसीदास जी को भी भगवान मर्यादापुरुषोत्तम श्री राम के दर्शन चित्रकूट के घाट पर हुए थे । इसलिए मेरे लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़, अवध और प्रयाग के बहुत से श्रद्धालु प्राय: चित्रकूट के विशेष मार्गों से होकर पहुंच पाते हैं । अत: मैं माननीय रेल मंत्री जी से यह मांग करता हूं कि अयोध्या से प्रतापगढ़

जंक्शन, प्रयाग-इलाहाबाद जंक्शन होते हुए चित्रकूट जाने हेतु विशेष कॉरीडोर के लिए 'राम वन गमन' एक्सप्रेस ट्रेन चलाए जाने की व्यवस्था कराने की कृपा करें ।धन्यवाद ।